## कार्यपत्र-1

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) भारत के संविधान में कितनी भाषाओं को मान्यता प्राप्त है? (iii) 22 ✓

(ख) व्याकरण का शाब्दिक अर्थ क्या है? (i) विश्लेषण करना ✓

(ग) छोटे-से क्षेत्र में बोला जाने वाला भाषा का रूप क्या कहलाता है? (iii) बोली ✓

(घ) 'उर्दू' भाषा की लिपि है– (iv) अरबी-फ़ारसी ✓

(ङ) इनमें पश्चिमी हिंदी की बोली है– (i) खड़ी बोली ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) बोली जब विस्तृत क्षेत्र में प्रयुक्त होने लगती है तो उसे उपभाषा कहते हैं। उपभाषाओं के नाम हैं– पूर्वी हिंदी, पश्चिमी हिंदी, बिहारी हिंदी, पहाड़ी हिंदी तथा राजस्थानी हिंदी।

(ख) मौखिक भाषा को लिखित रूप देने के लिए निर्धारित चिह्नों को लिपि कहते हैं। संसार की सभी भाषाओं की अपनी-अपनी लिपियाँ हैं। हिंदी की लिपि देवनागरी है।

(ग) व्याकरण वह शास्त्र है जिसके द्वारा शब्दों के शुद्ध रूप और प्रयोग के नियमों का निरूपण किया जाता है। इसके तीन भाग हैं– वर्ण विचार, शब्द विचार और वाक्य विचार।

(घ) राजभाषा हिंदी का प्रयोग देश के विभिन्न कार्यालयों में किया जाता है। यह देश में संपर्क भाषा के रूप में प्रयुक्त होती है। रेडियो, दूरदर्शन, चलचित्रों, कार्यालयों, पत्र-पत्रिकाओं आदि में इसका प्रयोग बढ़ता जा रहा है।

**3. निम्नलिखित उपभाषाओं की दो-दो बोलियाँ लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) पूर्वी हिंदी | अवधी | बघेली |
| (ख) बिहारी हिंदी | भोजपुरी | मैथिली |
| (ग) पहाड़ी हिंदी | गढ़वाली | कुमाऊँनी |
| (घ) राजस्थानी हिंदी | मेवाड़ी | मारवाड़ी |

**4. निम्नलिखित वाक्यों के सामने सही या गलत लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) फोन पर बात करना भाषा का मौखिक रूप है। | सही |
| (ख) बोली का क्षेत्र विस्तृत होता है। | गलत |
| (ग) 'रामचरितमानस' अवधी भाषा की रचना है। | सही |
| (घ) पंजाबी की लिपि देवनागरी है। | गलत |
| (ङ) हिंदी हमारी राजभाषा है। | सही |

**5. निम्नलिखित विदेशी भाषाओं की लिपि लिखिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) रूसी | सिरिलिक | (ख) जर्मन | रोमन |
| (ग) फ्रेंच | रोमन | (घ) चीनी | चीनी |
| (ङ) अरबी | फ़ारसी | (च) स्पेनिश | रोमन |